# जल जीवन मिशन के कियान्वयन हेतु जनपद–शाहजहाँपुर में गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 02.08.2024 को आयोजित बैठक की कार्यवृत्ति

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नमामि गंगे जलपूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0ए0–आ0 लखनऊ दिनांक 21.01.2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्गत दिशा निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वन तथा मूल्याकंन तथा उनके अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन समिति की बैठक दिनांक 02.08.2024 को कलेक्टेट स्थित सभागार, शाहजहाँपुर में आयोजित की गयी है। डी0डब्ल्यू0एस0एम0 समिति में निम्न सदस्य द्वारा प्रतिभाग किया गया--

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी शाहजहाँपुर | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य विकास अधिकारी शाहजहाँपुर | सदस्य/उपाध्यक्ष |
| 3 | प्रभागीय वनाधिकारी, शाहजहाँपुर स्वयं अथवा उनके नामित सदस्य | सदस्य |
| 4 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहाँपुर | सदस्य |
| 5 | जिला सूचना एंव जनसंपर्क अधिकारी शाहजहाँपुर | सदस्य |
| 6 | जिला कृषि अधिकारी शाहजहाँपुर | सदस्य |
| 7 | बेसिक शिक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर | सदस्य |
| 8 | जिला पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, शाहजहाँपुर | — |
| 9 | अधिशासी अभियंता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई शाहजहाँपुर | सदस्य |
| 10 | अधिशासी अभियंता (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम, मुरादाबाद शाहजहाँपुर। | सदस्य |

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये–

- फर्म मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे ओ0एच0टी0 कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन ओ0एच0टी0 को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये तथा ओ0एच0टी0 की साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
- मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति की जाये। वर्षात आदि की स्थिति में डी0जी0 सेट द्वारा आपूर्ति की जाये। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के हेल्पलाइन नं0–18001212164 के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्याओं का सुगमता से निस्तारण किया जा सके।
- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये गये पेयजल गृह संयोजन के सापेक्ष/जिन परियोजनाओं पर पूर्ण क्षमता के साथ पेयजल की आपूर्ति हो रही है, के यूजर चार्जेस की वसूली की समीक्षा की गयी। वसूली की प्रगति संतोषजनक न होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि यूजर चार्जेस को मानक के अनुरूप वसूले जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये एवं उक्त कार्य से सम्बन्धित आई0एस0ए0 मै0 भूषण सेवा संस्थान एवं पी0एस0 सेवा समिति की प्रगति अत्यन्त धीमी पाये जाने की स्थिति में सम्बन्धित आई0एस0ए0 को नोटिस निर्गत किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। साथ ही साथ आई0एस0ए0 एजेन्सी को आवंटित ग्राम पचांयत के सापेक्ष की गयी जलकर की वसूली का विवरण प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।
- बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी को कलस्टरवार लगायी गयी मैन पॉवर की सूची सत्यापन हेतु उपलब्ध कराये के निर्देश दिये गये।
- सड़क पुर्नस्थापना की प्रगति समीक्षा अन्तर्गत प्रगति धीमी होने पर अनुबन्धित संस्था को जिलाधिकारी महोदय द्वारा कड़े निर्देश निर्गत करते हुए निर्देशित किया गया कि सड़क पुर्नस्थापना के कार्य की प्रगति को युद्धस्तर पर बढ़ाया जाये साथ ही साथ प्रत्येक सप्ताह अनुबन्धित फर्म

जिलाधिकारी महोदय को राड़क पुर्नरथापना की प्रगति की अद्यतन सूचना के साथ प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

- बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पेयजल स्वच्छता समिति के सदस्यों को एक ब्लाक से 10 ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर विस्तृत आख्या मुख्य विकास अधिकारी महोदया को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा आई0इ0सी0 कार्यों की समीक्षा के दौरान मै0 सार्वजनिक शिक्षोनयन संस्थान के प्रतिनिधि के अनुपस्थित पाये जाने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदया/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को जनपद में कार्यरत आई0एस0ए0 एजेन्सियों की कलस्टरवार समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया।
- बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0ए0 द्वारा जिन ग्राम पंचायतों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य सत्यापित किया गया है उसकी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।
(सदस्य सचिव)

for अधिशासी अभियन्ता
(वि0/यां0)
अष्टम खण्ड, उ0प्र0 जल निगम,
मुरादाबाद।
सदस्य

अधिशासी अभियन्ता
वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई
शाहजहाँपुर।
सदस्य
अधिशासी अभियन्ता

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

बेसिक शिक्षा अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

जिला कृषि अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य

जिला पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण अधिकारी,
शाहजहाँपुर।

प्रभागीय वनाधिकारी स्वयं अथवा
उनके नामित सदस्य,
शाहजहाँपुर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
शाहजहाँपुर
सदस्य

मुख्य विकास अधिकारी,
शाहजहाँपुर।
सदस्य/उपाध्यक्ष

जिलाधिकारी, (अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
शाहजहाँपुर।